# NET/JRF HINDI MODEL PAPER-2

## टेस्ट – 2 आदिकाल

1. आदिकाल में किस कवि ने अवहट्ठ भाषा में रचना की ?
(अ) अमीर खुसरो
(ब) अब्दुल रहमान ☑
(स) कुतुबन
(द) मंझन

2. इन रचनाओं को उनके रचयिताओं के साथ सुमेलित कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) खुमाणरासो | 1. चंदबरदाई |
| (ख) परमालरासो | 2. अब्दुर्रहमान |
| (ग) बीसलदेवरासो | 3. दलपत विजय |
| (घ) पृथ्वीराजरासो | 4. नरपति नाल्ह |
| | 5. जगनिक |

कूट :

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 3 | 5 | 4 | 1☑ |
| (ब) | 1 | 2 | 5 | 4 |
| (स) | 5 | 4 | 3 | 2 |
| (द) | 2 | 3 | 5 | 1 |

3. किन रचनाकारों की भाषा को 'संधाभाषा' कहा गया ?
(अ) बौद्ध–सिद्ध ☑
(ब) रासक परंपरा के कवि
(स) संत कवि
(द) जैन मुनि

4. इन रचनाओं को उनकी काव्य भाषा के साथ सुमेलित कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) विजयपाल रासो | 1. हिन्दवी |
| (ख) चर्यागीत | 2. अपभ्रंश |
| (ग) विद्यापति पदावली | 3. संधाभाषा |
| (घ) पृथ्वीराजरासो | 4. मैथिली |
| | 5. ब्रजभाषा |

कूट :

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 3 | 5 | 4 | 1 |
| (ब) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (स) | 2 | 3 | 4 | 1☑ |
| (द) | 3 | 5 | 1 | 4 |

5. आचार्य शुक्ल के अनुसार हिंदी साहित्य का आविर्भाव कब से माना जा सकता है ?
(अ) प्राकृत से
(ब) संस्कृत से
(स) प्राकृत की अंतिम अपभ्रंश अवस्था से ☑
(द) पालि से

6. आदिकालीन साहित्य में वीर रस की रचनाओं में प्रायः किस भाषा का प्रयोग किया गया ?
(अ) पिंगल
(ब) बुंदेली
(स) डिंगल☑
(द) प्राकृत

7. 'खालिकबारी' किसकी रचना है–
(अ) खालिक खलक (ब) रहीम
(स) अमीर खुसरो☑ (द) अकबर

8. इनमें कौन–सा युग्म संगत है ?
(अ) बीसलदेवरासो – नरपति नाल्ह☑
(ब) खुमाणरासो – जगनिक
(स) विजयपालरासो – चंदबरदाई
(द) परमालरासो – दलपत विजय

9. आदिकालीन रचनाओं का सही अनुक्रम कौनसा है–
(अ) भरतेश्वर बाहुबली रास, स्थूलिभद्र रास, नेमिनाथ रास, संगीत रत्नाकर ☑
(ब) स्थूलिभद्र रास, नेमिनाथ रास, संगीत रत्नाकर, भरतेश्वर बाहुबली रास
(स) नेमिनाथ रास, स्थूलिभद्र रास, भरतेश्वर बाहुबली रास, संगीत रत्नाकर
(द) संगीत रत्नाकर, भरतेश्वर बाहुबली रास, स्थूलिभद्र रास, नेमिनाथ रास

10. पुष्पदंत किस शताब्दी के कवि थे ?
(अ) आठवीं शताब्दी
(ब) सातवीं शताब्दी
(स) दसवीं शताब्दी☑
(द) ग्यारहवीं शताब्दी

हिन्दी साहित्य चैनल

11. रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम है–
(अ) कुवलयमाला कथा, राउलवेल, उक्तिव्यक्तिप्रकरण, वर्णरत्नाकर☑
(ब) राउलवेल, कुवलयमाला कथा, उक्तिव्यक्तिप्रकरण, वर्णरत्नाकर
(स) उक्तिव्यक्तिप्रकरण, राउलवेल, कुवलयमाला कथा, वर्णरत्नाकर
(द) वर्णरत्नाकर, उक्तिव्यक्तिप्रकरण, राउलवेल, कुवलयमाला कथा

12. निम्नलिखित रचनाकारों के साथ उनकी रचनाओं को सुमेलित कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) ज्योतिरीश्वर ठाकुर | 1. राउलवेल |
| (ख) दामोदर भट्ट | 2. उक्तिव्यक्तिप्रकरण |
| (ग) नरपति नाल्ह | 3. बीसलदेवरासो |
| (घ) रोड | 4. वर्णरत्नाकर |
| | 5. खुमाणरासो |

कूट:

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 4 | 2 | 3 | 1☑ |
| (ब) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (स) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (द) | 3 | 2 | 1 | 4 |

13. गोरखबानी के संपादक है–
(अ) रामचंद्र शुक्ल
(ब) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(स) श्यामसुंदर दास
(द) पीताम्बरदत्त बड्थ्वाल ☑

14. 'सजन सकारे जायेंगे नैन मरेंगे रोय' उक्ति है–
(अ) अमीर खुसरो☑
(ब) कबीर
(स) रहीम
(द) दादूदयाल

15. किस समीक्षक ने विद्यापति की पदावली को जीव और परमात्मा के संबंध का रूपक माना है ?
(अ) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(ब) आनंदकुमार स्वामी ☑
(स) शिवप्रसाद सिंह
(द) रामवृक्ष बेनीपुरी

16. काल के अनुसार निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम क्या है ?
(अ) खुमाणरासो, बीसलदेवरासो, चंदनबाला रास, पउमचरिउ
(ब) बीसलदेवरासो, चंदनबाला रास, पउमचरिउ, खुमाणरासो
(स) पउमचरिउ, खुमाणरासो, बीसलदेवरासो, चंदनबाला रास ☑
(द) चंदनबाला रास, पउमचरिउ, खुमाणरासो, बीसलदेवरासो

17. 'बौद्धगान ओ दोहा' का संपादन किसने किया ?
(अ) राहुल सांकृत्यायन (ब) सूर्यकांत शास्त्री
(स) प्रबोधचंद्र बागची (द) हरप्रसाद शास्त्री☑

18. "कबीर की अपेक्षा खुसरो की ध्यान बोलचाल की भाषा की ओर अधिक था" यह किसका कथन है ?
(अ) जॉर्ज ग्रियर्सन
(ब) मिश्रबंधु
(स) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(द) रामचंद्र शुक्ल☑

19. रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम है–
(अ) दोहाकोश, श्रावकाचार, संदेशरासक, कीर्तिलता☑
(ब) दोहाकोश, संदेशरासक, श्रावकाचार, कीर्तिलता
(स) संदेशरासक, दोहाकोश, कीर्तिलता, श्रावकाचार
(द) दोहाकोश, श्रावकाचार, कीर्तिलता, संदेशरासक

20. निम्नलिखित पात्रों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) चंदा | 1. बीसलदेवरासो |
| (ख) नागमती | 2. चंदायन |
| (ग) राजमती | 3. ढोला मारू रा दूहा |
| (घ) मालवणी | 4. पृथ्वीराजरासो |
| | 5. पद्मावत |

कूट:

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2 | 5 | 1 | 3☑ |
| (ब) | 4 | 3 | 5 | 2 |
| (स) | 5 | 1 | 2 | 3 |
| (द) | 2 | 5 | 4 | 1 |

हिन्दी साहित्य चैनल

21. ''डिंगल कवियों की वीर–गथाएँ, निर्गुणिया संतों की वाणियाँ, कृष्ण भक्त या रागानुमा भक्तिमार्ग के साधकों के पद, राम–भक्त या वैधी भक्तिमार्ग के उपासको की कविताएँ, सूफी साधना से पुष्ट मुसलमान कवियों के तथा ऐतिहासिक हिंदू कवियों के रामांस और रीति काव्य ये छहों धाराएँ अपभ्रंश कविता का स्वाभाविक विकास है।''–यह कथन किसका है ?

(अ) रामचंद्र शुक्ल
(ब) हजारीप्रसाद द्विवेदी☑
(स) रामविलास शर्मा
(द) राहुल सांस्कृत्यायन

22. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों से सुमेलित कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) प्रबंध चिंतामणि | 1. श्रीधर |
| (ख) रणमल्ल छंद | 2. जैनाचार्य मेरुतुंग |
| (ग) जयचंद प्रकाश | 3. मधुकर कवि |
| (घ) जयमयंक जसचंद्रिका | 4. भट्ट केदार |
| | 5. दामोदर |

कूटः

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2 | 1 | 4 | 3☑ |
| (ब) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (स) | 2 | 3 | 5 | 1 |
| (द) | 3 | 5 | 4 | 2 |

23. निम्नलिखित लेखकों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) विजयसेन सूरि | 1. रेवंतगिरि रास |
| (ख) नरपति नाल्ह | 2. भरतेश्वर बाहुबली रास |
| (ग) शालिभद्र सूरि | 3. बीसलदेवरासो |
| (घ) आसगु | 4. चंदनबाला रास |
| | 5. योगचर्या |

कूटः

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2 | 1 | 4 | 5 |
| (ब) | 1 | 3 | 2 | 4☑ |
| (स) | 4 | 2 | 3 | 5 |
| (द) | 5 | 4 | 1 | 3 |

24. सिद्धों में प्रचलित 'महामुद्रा' शब्द का अभिप्राय है–

(अ) सिद्धि हेतु आसन का एक रूप
(ब) सिद्धि हेतु की जाने वाली एक क्रिया
(स) सिद्धि प्राप्ति हेतु स्त्री–संसर्ग☑
(द) सिद्धि प्राप्ति हेतु स्त्री से विरक्ति

25. सिद्ध–साहित्य के अंतर्गत चौरासी सिद्धों की वे साहित्यिक रचनाएँ आती है जो–

(अ) प्राकृत में लिखी गई है
(ब) पैशाची अपभ्रंश में लिखी गई है
(स) पूर्ववर्ती अपभ्रंश में लिखी गई है☑
(द) तत्कालीन लोक–भाषा हिंदी में लिखी गई है।

26. निम्नलिखित पंक्तियों को उनके रचयिताओं से सुमेलित कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) नगर बाहिरे डोंबी तोहरि कुटिया छाइ | 1. लूहिपा |
| (ख) काआ तरुवर पंच बिडाल | 2. कण्हपा |
| (ग) कडुआ बोल न बोलिस नारि | 3. खुसरो |
| (घ) मोरा जोबना नवेलरा भयो है गुलाल | 4. नरपति |
| | 5. सरहपा |

कूटः

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2 | 1 | 4 | 3☑ |
| (ब) | 1 | 2 | 3 | 5 |
| (स) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (द) | 3 | 2 | 5 | 4 |

27. ''सिद्धों और योगियों की रचनाओं का जीवन की स्वाभाविक अनुभूतियों और दशाओं से कोई संबंध नहीं है। अतः वे शुद्ध साहित्य के अंतर्गत नहीं आती।'' यह विचार किसका है ?

(अ) मुनि जिनविजय
(ब) रामचंद्र शुक्ल☑
(स) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(द) धीरेन्द्र वर्मा

28. ''अपभ्रंश के जो नमूने हमें पद्यों में मिलते हैं ये उस काव्य भाषा के है जो अपने पुरोनपन के कारण बोलने की भाषा से कुछ अलग बहुत दिनों तक आदिकाल के अंत क्या उसके पीछे तक पोथियों में चलती रही।'' उपर्युक्त कथन किसका है ?

(अ) राहुल सांकृत्यायन
(ब) रामचंद्र शुक्ल☑
(स) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(द) नामवर सिंह

हिन्दी साहित्य चैनल

29. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) प्राकृत प्रकाश | 1. देवसेन |
| (ख) श्रावकाचार | 2. वररुचि |
| (ग) प्रबंध चिंतामणि | 3. जैनाचार्य मेरुतुंग |
| (घ) कुमारपाल प्रतिबोध | 4. हेमचंद्र |
| | 5. सोमप्रभ सूरि |

कूटः

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2 | 1 | 3 | 5☑ |
| (ब) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (स) | 3 | 5 | 1 | 4 |
| (द) | 1 | 2 | 3 | 4 |

30. रामचंद्र शुक्ल ने चौरासी सिद्धों के अंतर्गत इनमें से किसे योगिनी के रूप में उल्लेखित नहीं किया ?
(अ) कपालपा☑
(ब) मणिभद्रपा
(स) कनखलापा
(द) लक्ष्मीकरा

31. सिद्धों में वह कौन थे जिनकी साधना से प्रभावित होकर उडीसा के राजा दारिकपा और उनके मंत्री डेंगीपा उनके शिष्य हो गए थे।
(अ) सरहपा (ब) शबरपा
(स) लुइपा☑ (द) डोम्भिपा

32. नाथ संप्रदाय से संबंधित तथ्य इस प्रकार है–
(क) नाथ सिद्धों की परंपरा से ही निकले और चौरासी सिद्धों के समान इनकी संख्या नौ मानी गई है।
(ख) नाथों में देश के पश्चिमी भाग को अपने प्रचार–प्रसार के लिए चुना।
(ग) 'काफिरबोध' नामक ग्रंथ का संबंध इसी संप्रदाय से हे जिसमें पूजा, तीर्थाटन के साथ हज, नमाज का भी उल्लेख है।
(घ) इन पर सिद्धों के 'पंचमकार', 'जाति–पाँति विरोध' आदि का प्रभाव मिलता है।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर को चुनिए–
कूट :
(अ) केवल क और घ
(ब) केवल क, ख और ग☑
(स) केवल क और ग
(द) केवल क, ख और घ

33. पंजाब में नमक के पहाड़ों के बीच बना 'बालनाथ का टीला' नामक धार्मिक स्थल किससे संबद्ध है ?
(अ) सिद्धों से
(ब) नाथों से ☑
(स) जैनों से
(द) सिद्ध और नाथ दोनों से

34. 'बालनाथ का टीला' किस ग्रंथ में वर्णित है ?
(अ) संदेशरासक (ब) चंदायन
(स) मृगावती (द) पद्मावत☑

35. असंगत कथन को चुनिए–
(अ) स्वयंभू, पुष्पदंत, धनपाल, हेमचंद्र, सोमप्रभ सूरि आदि जैन कवि थे।
(ब) हिंदी में रचित प्रथम रास काव्य 'भारतेश्वर बाहुबली रास' है।
(स) जैनों ने अपने 'मुक्तक काव्य' में जैन साधकों की कथाओं का वर्णन किया ☑
(द) जैन कवियों ने अपने मत के प्रचार के लिए हिन्दू कथाओं का भी प्रयोग किया।

36. निम्नलिखित कवियों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–
(अ) चन्दबरदाई, विद्यापति, अमीर खुसरो, कबीर
(ब) कबीर, विद्यापति, अमीर खुसरो, चन्दबरदाई
(स) चन्दबरदाई, अमीर खुसरो, विद्यापति, कबीर☑
(द) अमीर खुसरो, चन्दबरदाई, विद्यापति, कबीर

37. 'मैथिल कोकिल' के नाम से प्रसिद्ध है–
(अ) विद्यापति☑ (ब) अमीर खुसरो
(स) शिवसिंह सेंगर (द) जॉर्ज ग्रियर्सन

38. रचनाकार के आधार पर आदिकाल को चारणकाल कहा है–
(अ) डॉ. रामकुमार वमा☑ (ब) गणपति चन्द्र
(स) आचार्य शुक्ल (द) हजारीप्रसाद द्विवेदी

39. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने वीरगाथाकाल की समय–सीमा क्या मानी है ?
(अ) 700 वि. – 900 वि.
(ब) 750 वि. – 1000 वि.
(स) 1050 वि. –1375वि.☑
(द) 1000 वि. – 1350 वि.

हिन्दी साहित्य चैनल

40. जहाँ मन पवन न संचरह रवि ससि नाह पवेस।
तहि वट चित्त विसाम करु सरहे कहिअ उवेस।।
उपरोक्त पंक्ति किससे सम्बन्धित है ?
(अ) सरहपाद ☑ (ब) शालिभद्र सूरि
(स) रोडा (द) विद्यापति

41. साहित्य का इतिहास जनता की चित्तवृत्ति का इतिहास है–
(अ) रामकुमार वर्मा (ब) रामचन्द्र शुक्ल ☑
(स) हजारीप्रसाद द्विवेदी (द) महावीर प्रसाद द्विवेदी

42. निम्नलिखित में से कौन–सा एक सुमेलित नही है ?
(अ) रीतिकाव्य की भूमिका – डॉ. नगेन्द्र
(ब) हिन्दी काव्य संग्रह – पण्डित महेशदत्त शुक्ल
(स) हिन्दी भाषा एवं साहित्य – बाबू श्यामसुन्दर दास
(द) हिनी साहित्य एवं संवेदना का विकास – हजारी प्रसाद द्विवेदी ☑

43. आदिकाल को आरम्भिक काल नाम दिया है–
(अ) मिश्रबन्धु☑
(ब) रामकुमार वर्मा
(स) रामचन्द्र शुक्ल
(द) हजारीप्रसाद द्विवेदी

44. 'बुद्धि रास' के रचनाकार है–
(अ) शालिभद्र सूरि☑ (ब) आसगु
(स) सारभूति (द) उदयवन्त

45. सिद्धों व नाथों की संख्या क्रमशः है–
(अ) 84,9☑ (ब) 9,84
(स) 86,6 (द) 6,86

46. अपभ्रंश एवं ब्रजभाषा के योग से कौन–सी भाषा बनती है ?
(अ) डिंगल
(ब) पिंगल☑
(स) अवहट्ट
(द) देशज भाषा

47. 'दोहा कोश' का सम्पादन किसके द्वारा किया गया है ?
(अ) राहुल सांकृत्यायन☑
(ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(स) रामकुमार वर्मा
(द) रामचन्द्र शुक्ल

48. पृथ्वीराज रासो में कुल कितने सर्ग है ?
(अ) 36 (ब) 35
(स) 59 (द) 69☑

49. स्वयंभू रचित कौन–सा ग्रन्थ है, जिसमें रामकथा का वर्णन है ?
(अ) पउमचरिउ☑
(ब) नागकुमार चरिउ
(स) सन्देशरासक
(द) परमात्म प्रकाश

50. निम्नलिखित में से कौन–सा एक कालक्रमानुसार है–
(अ) सरहपा, शबरपा, लुइपा, कण्हपा☑
(ब) शबरपा, सरहपा, कण्हपा, लुइपा
(स) लुइपा, सरहपा, कण्हपा, शबरपा
(द) सरहपा, शबरपा, कण्हपा, लुइपा

हिन्दी साहित्य चैनल